# चार हजार लीटर महुआ लाहन और शराब कराई नष्ट




**पांढुर्णा, देशबन्धु।** पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी अजीत इक्का के मार्गदर्शन में जिला पांढुर्णा के आबकारी एवं पुलिस बल के द्वारा संयुक्त दबिश के दौरान पांढुर्णा जिले में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिये ग्राम मेहराखापा और सीतापार के नदी नालों में बन रहे अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई जहां से 4000 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ। जिसे नष्ट कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1) च के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एल. मरावी, आबकारी उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार, पीपला चौकी प्रभारी राजेश सैनी एवं आबकारी तथा पुलिस आरक्षक उपस्थित थे।

**अभी भी चल रही है अवैध कुचिया पांढुर्णा जिले में**

पांढुर्णा जिला जब से बना है वहां अवैध कारोबार का नया रूप में जन्म भी हुआ है। यहां पर अवैध रेत, अवैध उत्खनन, परिवहन होता था लेकिन अब खुलेआम अवैध रेत लेकर जहां डंफर पड़ौसी राज्य में प्रवेशकर जाता है तो वही अवैध रूप से उत्खनन भी जारी है। प्रशासन इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। पांढुर्णा जिले में गांव गांव, शहर शहर के गली मोहल्लों में अवैध रूप से देशी, विदेशी मदिरा बिक रही है, गलियों में कुचिया संचालित है। गाड़ियों, मोटर सायकलों से अवैध शराब की पूर्ति किए जाने की भी खबर है। पांढुर्णा का आबकारी अमला निष्क्रिय है जिला आबकारी अधिकारी छिन्दवाड़ा के निर्देशों का पालन सही ढंग से आबकारी उप निरीक्षक नहीं कर पा रहे है जो नशे को बढ़ावा दे रहा है।

# स्वाति चंदेलकर को महिला कैदियों पर पीएचडी की उपाधि



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** धरम टेकरी छिंदवाड़ा निवासी पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के पूर्व प्राचार्य एवं अभी हाल में उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर संभाग के नवनियुक्त अतिरिक्त संचालक प्रो. डॉ. पी.आर. चंदेलकर एवं श्रीमती वंदना चंदेलकर की सुपुत्री कु. स्वाति चंदेलकर को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर ने समाजशास्त्र विषय में उनके शोध ग्रन्थ छिंदवाड़ा की जिला जेल में महिला कैदियों का एक अध्ययन विषय पर पी.एच.डी. डिग्री अवार्ड की है।

स्वाति ने अपना शोध प्रबंध अटल बिहारी बाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर की समाजशास्त की प्राध्यापक प्रो. टी.के. चावला के निर्देशन में पूर्ण किया है। स्वाति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शक डॉ. नीलकंठ पेंडसे, डॉ. सुशांत पुणेकर के साथ अपने मां बाप, बहन पल्लवी चंदेलकर एवं भाई हर्ष चंदेलकर के स्नेह को दिया है। स्वाति की इस उपलब्धि पर पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा एवं अतिरिक्त संचालक जबलपुर संभाग परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

बता दें कि डॉ. पी.आर. चंदेलकर छिन्दवाड़ा पी.जी. कॉलेज के अलावा कन्या महाविद्यालय छिन्दवाड़ा, पेंचव्हेली कॉलेज परासिया में आप प्राचार्य रह चुके है। आप शिक्षाविद् होने के साथ साथ समाजसेवा में अग्रणी स्थान रखते है। आप बौद्ध बिहार समता विकास समिति में पदाधिकारी रहे आपने अजाक्स में रहते हुए बेहतर सेवाऐं दी। बेटी स्वाति को कैदियों पर पी.एच.डी. अवार्ड होने पर छिन्दवाड़ा के अधिकारी, कर्मचारी, संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष सतीश गोंडाने सहित स्वजातिय बंधुओं ने भी बधाई प्रेषित की है।

## सार-समाचार

### बारिश को देखते हुए समाजसेवी दयानंद ने भरे सड़क पर हुए गड्ढे



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वर्तमान में बारिश का मौसम प्रारंभ हो चुका है और आवागमन के मार्ग में जहॉ.तहॉ मुख्य सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे देखे जा सकते हैं, जिनकी विभाग द्वारा अनदेखी की शिकायतें लगातार सामने आ रही है और अब बारिश में इन गड्डों को नहीं भरा जाता है तो आये दिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाना संभव नहीं है। वाहन दुर्घटनाओं पर कुछ तक रोक लगे इसलिये आज पुनः नगर के समाजसेवी दयानंद चौरसिया द्वारा शहर के प्रमुख इंदिरा तिराहे में पेट्रोल पंप, मान सरोवर के सामने और ई.एल.सी. चौक पर जहॉ.तहॉ हो रहे गड्डो को भरा। ज्ञात हो दयानंद विगत् लंबे समय से वाहन दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिये मुख्य सड़कों के गड्डो को भरने के साथ-साथ जनहित में कई कार्य रहे हैं जिसकी आम जनता ने सराहना भी है। इसी तरह से उन्होनें समस्त नगरवासियों से अपील की है हमें स्वयं अपने शहर की स्वच्छता बनाये रखने और दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिये आगे आकर इस तरह से कार्य कर प्रशासन को सहयोग करना चाहिये ।

### मानसून पूर्व जीवनरक्षक इंप्रेवाइज्ड राफ्ट की दी गई जानकारी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मानसून सत्र पूर्व आपदा प्रबंधन एवं तैयारियों के तारतम्य में जिला सेनानी एस.आर. आज़मी के मार्गदर्शन तथा गणेश कुमार धुर्वे, प्लाटून कमांडर के नेतृत्व में एस.डी.ई.आर.एफ. टीम द्वारा आज जिला जेल छिंदवाड़ा में जेल स्टाफ के लगभग 20 अधिकारी/कर्मचारी एवं लगभग 200 से अधिक जेल अभिरक्षा बंदियों को आपदा प्रबंधन एवं प्रथोपचार, सी.पी.आर., बाढ़ प्रबंधन, आग एवं वर्षाकाल में जीवनरक्षक इंप्रोवाइज्ड राफ्ट आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जिला जेल अधीक्षक, उप जेल अधीक्षक, सहायक जेल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 26 जून को लोकतंत्र सेनानी पहुचेंगे मुख्यमंत्री निवास भोपाल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** लोकतत्र सेनानी संघ के प्रदेश सचिव एवं जबलपुर संभाग प्रभारी अजय औरंगाबादकर ने बताया कि आपातकाल की 50 वीं वर्षगाठ पर मध्यप्रदेश के लोकतंत्र सेनानीयों के परिवार एवं लोकतंत्र प्रहरी का सम्मेलन 26 जून, दिन गुरूवार सुबह 11 बजे प्रारंभ मुख्यमंत्री निवास पर होगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव लोकतंत्र सेनानीयों का सम्मान करेंगे। मुख्यमंत्री निवास पर सुरक्षा की दृष्टि से जाने के लिए प्रत्येक लोकतंत्र सेनानी के जिलाध्यक्ष को प्रवेश पत्र दे दिए गए है। समस्त लोकतंत्र सेनानियों से अपील है कि वह अपने.अपने जिले के अध्यक्षों से अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर ले।

### ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बंद विद्युत सप्लाई

**गाडरवारा देशबन्धु।** शनिवार रविवार की दरमियानी रात अचानक कई ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही शहर के कामथ वार्ड सहित अनेक वार्डो के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली की कटौती झेलनी पड़ी जिससे उमस और मच्छरों के कारण लोग परेशान हुये बिजली की कटौती का सर्वाधिक प्रभाव छोटे छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ा। रात की विद्युत कटौती सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी रही।

# मकान का भूमिपूजन करने व्यक्ति पर मधुमक्खियों ने किया हमला, उपचार जारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा के वार्ड नम्बर एक निवासी ने बड़े अरमान से मकान बनाने के लिए प्लाट खरीदा था और अब 15 जून को भूमिपूजन तिथि तय करने के बाद वह काराबोह में अपने प्लाट में पहुंचा ही था और पूजन की तैयारी की जा रही थी कि अचानक मधुमक्खियों ने प्लाट मालिक पर हमला कर दिया। बामुश्किल वे वहां से भागकर निजी साधनों से शासकीय जिला चिकित्सालय छिन्दवाड़ा पहुंचे जहां उनका उपचार चल रहा है। हालत कुछ ठीक होने के बाद रामसेवक पहाड़े नामक व्यक्ति जिनकी उम्र 72 वर्ष है उन्हें मधुमक्खियों ने हमला कर घायल कर दिया। मधुमक्खी के कांटे सुनील असराठी ने चिमटी से निकाले है।



# अहिंसा प्रेमियों ने गोधूलि वृद्धाश्रम में मनाया फादर्स डे, बुजुर्गों को कराया भोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रविवार 15 जून का शुभ दिन छिंदवाड़ा के गोधूलि वृद्धाश्रम में निवास कर रहे सभी 86 बुजुर्गों के लिए आपार खुशियों के साथ आनंद लेकर आया।

मंगलमय प्रसंग था फादर्स डे का जिसे अहिंसा प्रेमी जैन बंधुओं ने कुछ अलग ही अंदाज में मनाकर बुजुर्गों के साथ खुशियां बांटी और विविध अनुष्ठान किए। यह आयोजन जिनशासन सेवक सेठ नोखेलाल जैन एवं पंडित अनिल कुमार जैन को समर्पित रहा।

इस अवसर पर सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक समाज सेवी दीपक राज जैन के साथ गुरैया से सेठ सुनील जैन, रुपेश जैन, आयुष, ऋषि, ममल, अर्पण, कु. कोनिका, श्रुति जैन, समस्त सेठ परिवार गुरैया ने सभी 86 बुजुर्गों को भोजन परोसा और फल एवं मिष्ठान वितरित कर बुजुर्ग महिलाओं को साड़ियां भेंट की। इस अवसर पर सभी अहिंसा प्रेमियों ने आश्रम परिसर में पौधारोपण कर पक्षियों के लिए जलपात्र भी भरे।

**सभी ने लिया संकल्प**-सभी अहिंसा प्रेमियों ने अपने पूज्य पिताश्री के बताए मार्ग पर चलनेए जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण करने के साथ एक पौधा पिताश्री के नाम लगाकर प्लास्टिक रहित हो शहर अपना सहित छिंदवाड़ा को स्वच्छ-स्वस्थ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

**बुजुर्गों ने दिया आशीर्वाद**-अहिंसा प्रेमियों के सुंदर एवं हृदय स्पर्शी आयोजन से सभी बुजुर्गों की आँखें भर आई ओर उन्होंने ने सेवाभावी जैन बंधुओं को हृदय से आशीर्वाद देकर उनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

# एक पेड़ मां के नाम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की दिलाई शपथ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के आह्वान पर छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देशन में एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में सामाजिक क्षेत्र में निरंतर कार्य करने वाली परिषद की नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत छायादार, औषधीय एवम फलदार पौधों का रोपण किया गया संस्था अध्यक्ष चंद्रकांत विश्वकर्मा ने कहा कि ष्एक पेड़ माँ के नाम एक अभियान है जो मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इसका उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना है, जो पर्यावरण की रक्षा करेगा और एक समृद्ध भविष्य में योगदान देगा। यह एक स्थायी स्मृति बनाने का प्रयास है, जो मां और प्रकृति दोनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। यह अभियान एक पेड़ माँ के नाम न केवल एक पेड़ लगाने का कार्य है, बल्कि यह एक गहरा भावनात्मक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है। कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी श्यामलराव ने सभी को पर्यावरण संरक्षण एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की शपथ दिलाई एवं परिवार के शुभ कार्य जैसे जन्मदिन, एनिवर्सरी आदि अवसर पर पौधा लगाने एवं भेंट करने का लिए प्रेरित किया, अपूर्वा फाउंडेशन अध्यक्ष संजय साहू ने पारस पीपल के पौधे के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण पर अपनी बात कही। इस अवसर पर परिषद की नवाकर संस्था सेवा संकल्प सोसाइटी के सचिव संदीप अग्निहोत्री, अमित राय, वरिष्ठ सहयोगी इमरत चक्रवर्ती, सुश्री आराधना शुक्ला, श्रीमती भावना बनारसे, सपना सोनी, कमलेश डेहरिया, विजय बहादुर वर्मा, नितिन गडकरी, मुकेश दीक्षित, संस्था अध्यक्ष समाजसेवी चंद्रकांत विश्वकर्मा, श्यामल राव, संजय साहू, दीक्षा बिसेन, आशीष वर्मा, डॉ. मीरा पराड़कर, नंदू निर्मलकर, नीलेश मांडेकर, राकेश, विशाल सहारे, प्रहलाद अहिरवार, अनुज चौकसे आदि उपस्थित थे।



# बेव सीरीज 'सरपंच साहब' ने ओटीटी प्लेटफार्म पर मचाया धमाल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गांव की राजनीति को दिखाती वेबसीरीज सरपंच साहब इन दिनों सोशल मीडिया में तहलका मचा रही है। यह फिल्म जबरदस्त तरीके से ट्रेंड कर रही है और साफ सुथरे कंटेंट के कारण यूजर इसे पसंद कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म की शूटिंग मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड व जिला प्रशासन के सहयोग से तामिया, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में हुई है। सभी मंचों पर इस वेबसीरीज को बेहतरीन रेटिंग मिली हुई है। बड़ी बात तो ये है कि इस फिल्म का निर्देशन छिंदवाड़ा के युवा शाहिद खान ने किया है।

ग्रामीण भारत की राजनीति और सामाजिक संरचना पर आधारित वेब सीरीज अब दर्शकों की पसंद बन चुकी है। पंचायत के बाद अब एक नई वेब सीरीज सरपंच साहब ने भी इसी पृष्ठभूमि को छूते हुए दर्शकों के दिल में खास जगह बना ली है। हाल ही में बेब्स ओटीटी पर रिलीज हुई यह सीरीज न सिर्फ गांव की राजनीति को दिखाती है, बल्कि बदलाव की लड़ाई को भी मजबूती से पेश करती है। छिंदवाड़ावासियों को ये फिल्म इसलिए भी देखना चाहिए क्योंकि इस फिल्म का अधिकांश फिल्मांकन छिंदवाड़ा जिले के तामिया की सुंदर पहाडियों, गांवों, गलियों और पांढुर्णा में हुआ है। फिल्म का निर्देशन युवा नेता और अब फिल्म इंडस्ट्रीज से जुड़े शाहिद खान ने किया है। एक साल में फिल्म का निर्माण पूरा किया गया




था, इसके बाद ये फिल्म 30 अप्रैल को लॉचिंग की गई थी। लॉचिंग भारत सरकार के एप बेब्स ओटीटी पर हुई थी और तब से अब तक पैंतालिस दिनों से फिल्म रिकार्ड नंबर वन पर बनी हुई है। मायानगरी से जुड़े जानकार और फिल्म समीक्षक इस फिल्म को अब तक कह सबसे बेहतरीन और टॉप फाईव बेव सीरीज से तुलना कर रहे हैं।

**हर गांव से मेल खाती है**

**सीरीज की कहानी..**

सरपंच साहब की खास बात यह है कि यह एक काल्पनिक गांव रामपुरा की कहानी है, लेकिन इसके मुद्दे, हालात और टकराव असल भारत के हर गांव से मेल खाते हैं। सत्ता में बैठा महेंद्र सिंह जो तीन दशक से सरपंच है। अब एक युवा ग्रेजुएट संजू की चुनौती से जूझ रहा है, यह सिर्फ एक चुनाव की कहानी नहीं है। यह नए भारत और पुराने सिस्टम के टकराव की कहानी है, पूरी फिल्म सात सीरीज में बनी हुई है जिसे देखने बैठा दर्शक टी व्ही से जुड़ रहा है और सीरीज खत्म कर तारीफकरते हुए ही उठ रहा है। तो आप भी इस बेव सीरीज को देखना ना भूले जो भारत सरकार एप बेट्स ओटीटी पर मौजूद है।

**फिल्म से जुड़े हैं बड़े नाम..**

इस सीरीज का निर्देशन छिंदवाड़ा निवासी शाहिद खान ने किया है, जो उनका डायरेक्टोरियल डेब्यू है। इसे प्रोड्यूस किया है एक्टर सीनू सूद की पत्नी सोनाली सूद ने। सात एपिसोड की यह सीरीज एक महीने से वैब्स ओटीटी पर टॉप ट्रेंडिंग बनी हुई है। कास्ट में विनीत कुमार, विजय कुमार पांडे, पंकज झा, सुनीता राजवार, युक्ति कपूर और कई दमदार कलाकार शामिल हैं। जोरदार अभिनय और बेहतरीन कंटेंट के कारण वेबसीरीज को हर मंच में शानदार रेटिंग मिली हुई है।

**और भी फिल्मों की होगी शूटिंग..**

मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड व जिला प्रशासन के सहयोग से हाल ही में एक तेलगू फिल्म की शूटिंग कुछ दिनों पहले समाप्त हुई है और एक अन्य तेलगू फिल्म भार्गवी की शूटिंग इन दिनों तामिया में चल रही है। मध्यप्रदेश टूरिज्म द्वारा निर्मित प्रदेश सरकार की बेहद आसान फिल्म पॉलिसी के चलते दक्षिण भारत फिल्म इंडस्ट्री के निर्माता-निर्देशकों को यहां फिल्म निर्माण भा गया है। मध्यप्रदेश और खास तौर पर छिंदवाड़ा जिले में सकारात्मक माहौल, शानदार लोकेशन मिल रही है, इससे फिल्म निमार्ण की गतिविधियां तेजी से बढ़ रहीं हैं और पर्यटन उद्योग को लाभ हो रहा है।

### कार्यपालन यंत्री श्री चौरसिया और उपयंत्री सुशांत कुमार को हटाने मांग

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विद्युत प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने मध्यप्रदेश सरकार को एक पत्र लिखकर मांग की है कि शहर छिन्दवाड़ा में पदस्थ परासिया रोड के कार्यालय में कार्यपालन यंत्री श्री चौरसिया और उपयंत्री सुशांत कुमार को तत्काल हटाया जाऐं। ये कर्मचारियों से अच्छा व्यवहार नहीं रखते और विद्युत विभाग की बदनामी हो रही है।

# उत्कृष्ट विद्यालय में 1981 के विद्यार्थियों का मिलन समारोह, एक-दूसरे से मिलकर पुरानी यादें हुईं ताजा




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** यह कहावत है कि विद्यार्थी जीवन सबसे अच्छा जीवन होता है उस समय का बीता हुआ कल कभी नहीं आता, न वे दिन आते है न वह शिक्षको की डांट, न ही होमवर्क, न ही टाईम टेबिल से स्कूल जाना। यह सबकुछ आज उस समय याद आया जब 1981 बैच के विद्यार्थी एक साथ मिले और भावुक हो गए और स्कूल में जाकर याद को ताजा किया और अपने गुरूजनों का सम्मान किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 44 साल बाद गवर्नमेंट स्कूल के छात्र मिले तो भावुक हुए। बता दे की स्थानीय शासकीय आदर्श बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जो वर्तमान में उत्कृष्ट विद्यालय है वहां सन 1981 में पढ़ने वाले सारे छात्रों ने एक कार्यक्रम आयोजित किया मिलन समारोह, 60 की उम्र तक पहुंच चुके सभी छात्र देश-विदेश और प्रदेश के कोने से एकत्रित हुए इतने वर्षों बाद मिलने पर सब भावुक होते कार्यक्रम सत्कर लॉज में आयोजित किया गया वहां पर जिन शिक्षकों ने उन्हें शिक्षा दी उनका सम्मान किया गया जिसमें श्री सालूटकर निवासी बड़बन एवं श्री वाजपेई निवासी खजरी इनका शाल और श्रीफल से 44 साल बाद मिलने के बाद लगभग 60 छात्रों द्वारा सम्मान किया गया, तत्पश्चात सभी पुराने छात्र एक रैली के रूप में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचे वहां पर वे सभी क्लास रूम में गए जहां उन्हें पढ़ाया गया था ऐसा कार्यक्रम देखकर आकर्षण का केंद्र बना रहा 44 साल बाद मिलन सभी मित्रों का देखते ही बनता था।

यहां महत्वपूर्ण बात यह भी है कि जब एक समान वेषभूषा में रैली के रूप में सभी विद्यार्थी साथ में जा रहे थे तब लोग चर्चा करते नजर आएं कि या तो रैली मोदी के 11 साल पूरे होने की है या फिर जल गंगा अभियान की, अथवा इनकी कोई मांग होगी। लेकिन जब वे उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचे और लोगों को पता चला तब शंकाओं में विराम लगा।

# कलेक्टर के कारण सरकारी स्कूल के बच्चे नीट परीक्षा में हुए सफल



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की दक्षता और यहां के विद्यार्थियों की क्षमता पर शुरुआत से ही पूरा भरोसा रखते हुए कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने गत वर्ष जुलाई माह से जिले में एक नवाचार शुरू किया था। जिसके तहत जिले के सभी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रतिदिन जे.ई.ई. और नीट की तैयारी के लिए एक अतिरिक्त पीरियड लगाया गया। समय-समय पर कार्यशालाएं आयोजित कर सरकारी स्कूलों के इन शिक्षकों को प्रेरित किया गया। कलेक्टर श्री सिंह के प्रयासों से इंदौर के एक फेमस कोचिंग संस्थान एलेन की फैकल्टी के माध्यम से भी जिले में कार्यशाला आयोजित की गई और शिक्षकों तथा विद्यार्थियों का जेईई, नीट की तैयारी के संबंध में ओरिएंटेशन किया गया। इसके साथ ही इसी कोचिंग संस्थान के माध्यम से सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए इन परीक्षाओं के नोट्स और अध्ययन सामग्री हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के बाद पुन: कुछ सरकारी स्कूलों को स्टडी सेंटर बनाते हुए इन परीक्षाओं की तैयारी के लिए एलेन की ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध कराई गई। लगातार टेस्ट पेपर सॉल्व करवाए गए और बच्चों को आ रही कठिनाइयां दूर की गईं।

इस कार्य में जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल, सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग उमेश सातनकार, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य अवधूत काले और सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों और विषय शिक्षकों का पूर्ण समर्पण और सहयोग प्राप्त हुआ। परिणाम स्वरूप जिले में पहली बार बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी जे.ई.ई. एडवांस के लिए क्वालीफाई होने के बाद अब जिले के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने नीट 2025 परीक्षा में भी फिर से बाजी मारी है।

## सार-समाचार

### आपका महापौर आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विक्रम अहाके पहुंचे लहगडुआ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आपका महापौर आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत महापौर अहके एवं जल सभापति अरुणा मनोज कुशवाह लहगडुआ पहुंचे जहां उन्होंने होने वाली पानी की समस्या का निराकरण करने हेतु आदेशित किया।

ज्ञात हो कि भीषण गर्मी में नगर निगम प्रत्येक वार्डो में पानी की सप्लाई सुचारू रूप से करने के लिए लगातार प्रयासरत है लेकिन कारणवश यदि कुछ समस्या आ जाए तो महापौर यथास्थान पर निगम के संबंधित अधिकारियों के साथ पहुंचकर वार्डवासियों की मांग के अनुसार समस्या का निराकरण करने पहुंच जाते है। इसी तारतम्य में आज लहगडुआ में पिछले कुछ दिनों से पानी की सप्लाई कुछ समस्याओं के चलते सुचारू रूप से नहीं हो पा रही थी जिससे वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था इस बात की जानकारी लगते महापौर ने जल विभाग सभापति अरुणा मनोज कुशवाह एवं जोनल प्रभारी विवेक चौहान एवं संबंधित कर्मचारियों के साथ जाकर समस्या को जाना एवं जल्द ही लीकेज को सुधारकर पुन: पानी टंकी से सुचारू रूप से सप्लाई किए जाने हेतु आदेशित किए इस दौरान भारी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे जिन्होंने महापौर को यथास्थान पर आकर समस्या को जानने एवं निराकरण करने के लिए आभार व्यक्त किया।

### शारदा मां मंदिर गुलाबरा की शिखर प्राण प्रतिष्ठा प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गुलाबरा स्थित शारदा माता मंदिर में त्रिदिवसीय शिखर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ शनिवार को किया गया। उक्त समारोह के दूसरे दिन 15 जून को मंडप पूजन, अन्नाधिवास, धृताधिवास, पुषाधिवावास, फ्लाधिवास, नगर भ्रमण एवं शयाधिवास का आयोजन हुआ। इस दौरान गुम्मच के कलश, माताजी की पादुका और माताजी को नगर भ्रमण कराया गया। जिसमें शारदा मंदिर गुलाबरा से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शारदा मंदिर गुलाबरा से प्रारंभ होकर षष्टी माता मंदिर पहुंची जहां पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर शोभायात्रा वापिस शारदा मंदिर गुलाबरा पहुंची। मंदिर में सुबह से ही अनुष्ठानों का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान मंडप पूजन, अन्नाधिवास, धृताधिवास, पुषाधिवावास, फ्लाधिवास एवं शयाधिवास का आयोजन किया गया।

वार्ड 43 की पार्षद श्रीमती शिवानी बंटी सक्सेना ने बताया कि गुलाबरा स्थित शारदा मंदिर वर्षो पुराना है जिसका लंबे समय



से जीर्णोद्वार नहीं हो पाया था। इस संबंध में सांसद बंटी विवेक साहू से चर्चा कर मंदिर के जीर्णोद्वार के लिए सहयोग की बात हुई थी। जिस पर सांसद बंटी विवेक साहू ने तत्काल ही सहमति जताते हुए मंदिर का शीघ्र ही जीर्णोद्वार किये जाने की बात कही थी। सांसद बंटी विवेक साहू ने शारदा मंदिर का जीर्णोद्वारा कराया है। उन्होंने बताया कि जीर्णोद्वार के बाद मंदिर में विधि विधान से त्रिदिवसीय शिखर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शारदा मंदिर समिति द्वारा बताया गया है कि अंतिम दिन 16 जून को महाअभिषेक, प्रतिष्ठा, शिखर आरोहण, हवन, पूर्णाहुति एवं भंडारा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।

# महापौर ने मनाया संकल्प से सिद्धि तक का अभियान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संगठन के निर्देश पर संकल्प से सिद्धि अभियान की धरमटेकरी मंडल की बैठक का आयोजन खजरी रोड स्थित महापौर के निवास में किया गया। सेवा, सुशासन, संकल्प से प्रधानमंत्री ने भारत को जिन उचाईयों पर पहुचाया है उन्हें शब्दों मे बयाँ करना तो संभव नहीं, लेकिन यह हमारी सरकार के संकल्प का परिणाम है की प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक वे सभी लाभ शत प्रतिशत पहुँच रहे है जिनके वे असली हकदार है

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की की ओर अग्रसर है

इस अवसर पर नगर के प्रथम नागरिक विक्रम आहाके, मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, भारत घई अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, नगर पालिक निगम में सभापति प्रमोद शर्मा, मनोज कुशवाह, मनोज सक्सेना, ओम चौरसिया, कमलेश कवरेती, राकेश माइकल पहाड़े, पंडित राम शर्मा, श्रीमति संगीता उइके एवं मंडल के समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे साथ ही वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया इसके पश्चात अहमदाबाद से लंदन जा रहा है प्लेन क्रैश में जिन्होंने अपनी जान गवा दी उन्हें 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# अहमदाबाद विमान दुर्घटना के मृतकों शांति के लिए लिंगा आश्रम में किया गीता पाठ और तर्पण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संत श्री आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से लिंगा आश्रम में अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना में मारे गए लगभग 317 लोगों के मोक्ष हेतु श्रीमद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर विधिवत तर्पण किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना बेहद ही दु:खद खबर है। हमारे शास्त्रों में आता हैं कि जिस व्यक्ति का शरीर छूट गया है उनके मोक्ष हेतु तीसरा, तेरहवी, अस्थि विसर्जन, गंगा पूजन का विधान है। समय पर यह सब ना कर पाएं तो श्रीमद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर पुण्य अर्पण करने का भी विधान है। गंगा पूजन के साथ यह पाठ भी कर सकतें हैं।

संस्था समय-समय पर जिले के गणमान्य नागरिकों और सीमा पर सेवा दे रहे सैनिक जिनका शरीर छूट जाता है उनके लिए गीता पाठ कर पुण्य अर्पण करती हैं। अहमदाबाद प्लेन दुखद दुर्घटना देश वासियों को सोचने पर मजबूर करती हैं। प्लेन में सवार लगभग 244 लोग 30 सेकेंड में जल कर खत्म हो गए उन लोगों के मृत शरीर पहचान करना मुश्किल है। पर उसी प्लेन से भगवदगीता पूज्य ग्रन्थ नहीं जला और एक व्यक्ति भी जिंदा बच गया यह प्रकृति का चमत्कार है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर की या गुरु की शरण में रहकर ध्यान, भजन, पूजन और परहित की सेवाएं करनी चाहिए। रुपये- पैसे हर जगह काम नहीं आते। आज लिंगा आश्रम में सैकड़ों साधकों ने उपस्थित होकर गीता पाठ कर पुण्य अर्पण किया।

इस अवसर पर साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई, सुभाष इंगले, विलास घोंगे, भूपेश पहाड़े, अशोक कराड़, रामराव लोखंडे, अश्विन पटेल, ओमप्रकाश डेहरिया, नारायण ताम्रकार, कैलाश राउत, गोवर्धन मालवीय, प्रीति सोंनारे, रुपाली इंगले, ललिता घोंगे, विमल शेरके, सुधा ताम्रकार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# दुर्व्यव्हार जागरुकता दिवस पर महामंच की संगोष्ठी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 15 जून 2025 को वरिष्ठ नागरिक महामंच के तत्वावधान मे पितृ दिवस एवं विश्व वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर परिचर्चा का आयोजन राजराजेश्वरी मंदिर प्रागंण ण्शक्ति नगर मे टी.एन. मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया।

इस कार्यक्रम के पश्चात अहमदाबाद प्लेन क्रैश मे दिवंगत सभी लोगों की आत्मा की शांति हेतू एवं मंच सदस्य रफ्फ़िक कुरैशी की माताजी का देहांत होने पर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर उपस्थितिजनो में पं. जयशंकर शुक्ला संस्थापक, पी.आर. डेहरिया, प्रभाकर ठाकरे, अशोक मिश्रा, मिडिया प्रभारी सुरेश घोरसे, जी.डी. लिगायत, हरिभाऊ मोहिकर,



जी.एस. डेहरिया, जगदीश झाझोट, आर.एस. शिवकर, हेमंत झा, दीप विश्वकर्मा, आर.एस. परिहार, एस.के. सूर्यवंशी, बालकराम, एस. कलसुले, श्री साहू, श्रीमती नंदा ठाकरे व अन्य सदस्य उपहस्थित थे।

# जिले में सर्वाधिक वर्षा उमरेठ में दर्ज की गई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 39 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 31 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 15 जून 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 32.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 15 जून 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 42.2, मोहखेड़ में 9.2, तामिया में 30, अमरवाड़ा में 40.2, चौरई में 11, हर्रई में 23.8, बिछुआ में 14.6, परासिया में 31.1, जुन्नारदेव में 27.8, चांद में 47.2 और उमरेठ में 80.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 53.8, मोहखेड़ में 9.2, तामिया में 55, अमरवाड़ा में 61.4, चौरई में 14, हर्रई में 27.8, बिछुआ में 15.2, परासिया में 33.3, जुन्नारदेव में 31.4, चांद में 48 और उमरेठ में 82.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना एक सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाला मंच है : कंसाना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्र की सेवा के लिए संकल्पित सेवा भावी संस्था राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर विद्यालय एवम महाविद्यालय के बच्चें समाज में रचनात्मक कार्य करते है। गत दिवस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में ग्वालियर से छिंदवाड़ा पधारे जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. हरिशंकर सिंह कंसाना का आगमन हुआ। सर्वप्रथम शासकीय पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ. बाय. के. शर्मा ने बुके देकर श्री कंसाना का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी एवम राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविद विनोद तिवारी एवम डॉक्टर मनोज माहोरे, डॉक्टर रूपेश कपाले सहित अन्य प्रोफेसर एवम जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने भी जीवाजी विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक हरिशंकर सिंह कंसाना का पुष्प माला एक बुके देकर आत्मीय स्वागत किया।






बैठक में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों के सेवा भावी कार्यों की चर्चा करते हुए श्री कंसाना ने कहा की विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में रासेयो ही एक मात्र ऐसा मंच है जिसके माध्यम से सच्चा एवम अच्छा देश भक्त एवम सेवा भावी कर्मयोगी तैयार होता है। उन्होंने डॉक्टर एस.एन. सुब्बाराव के चंबल क्षेत्र में अपने प्रभाव से अनेकों डाकुओं को सदमार्ग में चलने की रह दिखाई उन्हें याद करते हुए एन.एस.एस. के लाखो युवाओं को मार्गदर्शन देने बाला महामानव व्यक्तित्व बताया। उन्होंने छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की।

पी जी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बाय.के. शर्मा ने कहा की आज आपके छिंदवाड़ा आने से एवम आपके मार्गदर्शन से पुन: नई ऊर्जा के साथ रासेयो इकाई कार्य करेगी। आपने इनमे जो जोश भरा है निश्चित ही ये सकारात्मक कार्य के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी विनोद तिवारी ने बताया की जिले में अनेकों ऊर्जावान कार्यक्रम अधिकारियों के मार्गदर्शन में। जय जगत जय जगत की भावना से जो कार्य हो रहा है इससे निश्चित ही स्कूली एवम महाविद्यालय के रासेयो के स्वयं सेवक नेतृत्व के गुण सीख रहे है साथ ही समाजसेवी कार्य से अपना व्यक्तित्व को भी निखारने का कार्य कर रहे है। उन्होंने जीवाजी विश्वविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक श्री कंसाना को जिले की एन.एस. एस. इकाई की गतिविधियो से अवगत करवाया। कार्यक्रम के अंत में रासेयो से जुड़े रहे पी. जी. कॉलेज के प्राध्यापक डॉक्टर मनोज माहोरे ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।